Roll No.
रोल नं.

100025

Code No. **034**

| परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें। |
| --- |

# हिंदी ( ब )

# HINDI (B)

**सामान्य निर्देश :**

***निम्नलिखित निर्देशों को ध्यान से पढ़ें एवं पूर्णरूप से उनका अनुपालन करें।***

*निर्धारित समय : 3 घंटे* *अधिकतम अंक : 80*

**नोट :**

*(i)* *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में 15 मुद्रित पृष्ठ हैं।*

*(ii)* *प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को विद्यार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।*

*(iii)* *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में 18 प्रश्न हैं। सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य हैं।*

*(iv)* ***कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।***

*(v)* *इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा। पूर्वाह्न में 10.15 से 10.30 बजे तक छात्र प्रश्न-पत्र को केवल पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका में कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।*

*(vi)* *इस प्रश्न-पत्र में **दो खंड** हैं - खंड '**अ**' और खंड '**ब**'।*

*(vii)* *खंड '**अ**' में उप-प्रश्नों सहित 45 बहुविकल्पीय / वस्तुपरक प्रश्न पूछे गए हैं। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए 40 उप-प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।*

*(viii)* *खंड '**ब**' में वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं।*

*(ix)* *सभी प्रश्नों के साथ उनके विकल्प भी दिए गए हैं। निर्देशानुसार विकल्प का ध्यान रखते हुए सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*

*(x)* *यथासंभव सभी प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार लिखिए।*

## खंड - अ

### ( बहुविकल्पीय / वस्तुपरक प्रश्न )

**1.** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर इसके आधार पर पूछे गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : **1x5=5**

साहस और शौर्य का जैसा इतिहास नदियों ने रचा है वैसा प्रकृति के किसी और घटक ने नहीं रचा। नदियाँ मानो हमसे कहती हैं - 'राही! राह कहीं नहीं होती। राह बनाने से बनती है।' आदिमानव गुफा से निकलकर बाहर आया और नदियों के किनारे रहने लगा। वह शिकारी से किसान बना। नदियों के किनारे एग्रिकल्चर आया तो कल्चर भी आया। संसार की सभी प्राचीन सभ्यताओं का जन्म नदियों के तट पर हुआ। ऋषियों के आश्रम भी नदी-तट पर ही होते थे।

हजारों वर्षों तक नदियाँ स्वच्छ, सुंदर और पवित्र रहीं किंतु कोई सौ-सवा सौ साल पहले औद्योगिक सभ्यता आई और इसी के साथ नदियों की दैन्य-दशा शुरू हो गई। जो नदियाँ बरसात में उफन पड़ती थीं, तटबंध तोड़कर बाहर आ जाती थीं, चौड़े पाट भी जिन्हें कम पड़ते थे, उन्हीं नदियों की धारा अब टिमटिमा रही है। जंगल कट जाने से नदियाँ कुपोषण का शिकार हो गई हैं। थकी-हारी नदियाँ आज शहरों और कारखानों की गंदगी ढोने का काम कर रही हैं। उनका जल विषाक्त हो गया है। नदियों के प्रति हमारा व्यवहार अगर ऐसा ही अमानवीय रहा तो सौ साल बाद नदियाँ सूख जाएँगी। पानी दुर्लभ हो जाएगा और पानी के एक गिलास के लिए लोग चोरी करेंगे।

(i) नदियों के प्रति मानव व्यवहार को कहा जा सकता है-

(क) उम्मीद से बढ़कर　　(ख) आशा के अनुरूप

(ग) संवेदना से परिपूर्ण　　(घ) उपेक्षा से भरा

(ii) औद्योगिक क्रांति से पूर्व नदियों की दशा कैसी थी ?

(क) जीवनदायी　　(ख) विनाशकारी

(ग) प्रदूषित　　(घ) प्रलयंकारी

(iii) निम्नलिखित **कथन** (A) तथा **कारण** (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए।

**कथन (A) :** नदियों की लगातार बदलती नकारात्मक स्थिति पर काबू पाना असंभव है ।

**कारण (R) :** निरंतर बढ़ती आबादी की जरूरतों को पूरा करना एक चुनौती है।

(क) **कथन** (A) तथा **कारण** (R) दोनों गलत हैं।

(ख) **कथन** (A) गलत है लेकिन **कारण** (R) सही है।

(ग) **कथन** (A) सही है लेकिन **कारण** (R) उसकी गलत व्याख्या करता है।

(घ) **कथन** (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा **कारण** (R) **कथन** (A) की सही व्याख्या करता है।

(iv) नदियों की 'दैन्य-दशा' से क्या आशय है ?

(क) नदियों के निरंतर बढ़ते जल-स्तर की

(ख) नदियों के निरंतर सिमटते पाट की

(ग) नदियों के निरंतर बढ़ते पाट की

(घ) नदियों के विकराल होते स्वरूप की

(v) नदियों के प्रति अमानवीय व्यवहार का मानव जन-जीवन पर क्या दुष्प्रभाव होगा ?

(क) पेय जल का अभाव

(ख) उद्योग-धंधों पर प्रभाव

(ग) वनों का निरंतर कटाव

(घ) मानव विकास पर प्रभाव

**2.** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर इसके आधार पर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए- **1x5=5**

आज लोग भीड़ में अकेले घूम रहे हैं और उनके पास चार सच्चे दोस्त भी नहीं हैं। इसका मुख्य कारण लोग स्वयं हैं। वास्तविक जिंदगी में जो अपनत्व और विश्वास की नींव बनती है वह अटूट होती है, लेकिन आज इंटरनेट मीडिया एवं आभासी (वर्चुअल) दुनिया के रिश्तों में हम सभी चैटिंग, फोटो शेयरिंग और कमेंट्स में सुकून खोज रहे हैं। पिछले दिनों आई ग्लोबल स्टेट ऑफ सोशल कनेक्शंस की रिपोर्ट के अनुसार दुनिया भर में लगभग 4 में से 2 बालिग अकेलापन महसूस कर रहे हैं। पिछले कुछ वर्षों से भारत सहित समूची दुनिया 'दोस्ती की मंदी' यानी सच्चे दोस्तों की कमी की समस्या से जूझ रही है। काफी संख्या में लोग अब यह स्वीकार कर रहे हैं कि उनके पास ऐसे दोस्तों की कमी है, जिनके साथ वे अपनी समस्याएँ खुलकर साझा कर सकें। सर्वे में पाया गया कि 'दोस्ती की मंदी' (फ्रेंडशीप रिसेशन) भविष्य में एक गंभीर संकट बन सकता है। शोध से यह भी पता चला कि अपने दोस्तों के साथ बिताए जाने वाले समय में हर साल तेजी से कमी आ रही हैं। इस रूझान के अनुसार भविष्य में भी इस मोर्चे पर सुधार के कोई आसार नहीं दिखते। मित्रता का कोई नियम नहीं होता, मित्र बिना जीवन नहीं होता।

(i) मित्रों के साथ बिताए जाने वाले समय में कमी आने का क्या कारण है ?

(क) व्यक्तिगत कारणों से मित्रों के पास समयाभाव

(ख) भविष्य के प्रति जागरूकतावश समय का अभाव

(ग) आभासी मित्रों के प्रति निरंतर बढ़ता झुकाव

(घ) सच्चा मित्र बनने योग्य लोगों का अभाव

(ii) 'दोस्ती की मंदी' के आशय पर विचार कीजिए और उचित विकल्प का चयन कीजिए-

(1) ऐसी दोस्ती का अभाव जिसमें अपनत्व और विश्वास हो

(2) वर्चुअल दुनिया में होने वाली दोस्ती को महत्वपूर्ण मानना

(3) वर्तमान सुविधासंपन्न जीवन में मित्रों की उपयोगिता न होना

(4) सुख-दुख में साथ देने वाले मित्रों का अभाव होना

(क) (1) और (3) (ख) (1) और (4)

(ग) (1), (3) और (4) (घ) (2), (3) और (4)

(iii) गद्यांश का भाव है-

(क) इंटरनेट की दुनिया में मित्रों की कोई उपयोगिता नहीं रह गई है।

(ख) इंटरनेट की दुनिया में मित्र जैसा रिश्ता बिलकुल अप्रासंगिक हो गया है।

(ग) इंटरनेट की वर्तमान दुनिया में भी मित्रता पहले की तरह आवश्यक है।

(घ) इंटरनेट की वर्तमान दुनिया में सच्ची मित्रता होना कोरी कल्पना मात्र है।

(iv) अच्छी मित्रता की कसौटी होती है-

(क) पहचान और विश्वास (ख) अपनत्व और सामर्थ्य

(ग) सामर्थ्य और पहचान (घ) अपनत्व और विश्वास

(v) निम्नलिखित **कथन** (A) तथा **कारण** (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए-

**कथन (A) :** वर्तमान में विश्वभर के युवा अकेलेपन के शिकार हो रहे हैं।

**कारण (R) :** सोशल मीडिया सच्ची मित्रता का सबसे अच्छा और प्रभावी विकल्प है।

(क) **कथन** (A) तथा **कारण** (R) दोनों गलत हैं।

(ख) **कथन** (A) गलत है, लेकिन **कारण** (R) सही है।

(ग) **कथन** (A) सही है, परंतु **कारण** (R) उसकी गलत व्याख्या करता है।

(घ) **कथन** (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा **कारण** (R) **कथन** (A) की सही व्याख्या करता है।

3. निर्देशानुसार 'पदबंध' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से **किन्हीं चार** प्रश्नों के उत्तर लिखिए- **1x4=4**

(i) 'पुलिस इंचार्ज के नेतृत्व में पुलिस के जवान ठाकुरबारी की तलाशी लेने लगे।' रेखांकित पदबंध का भेद है-

(क) संज्ञा पदबंध
(ख) सर्वनाम पदबंध
(ग) क्रिया पदबंध
(घ) विशेषण पदबंध

(ii) 'टोपी जब इफ़्फ़न के घर जाता तो उसकी दादी के पास बैठने की कोशिश करता।'

निम्नलिखित में से क्रियाविशेषण पदबंध पहचानकर उचित विकल्प का चयन कीजिए-

(1) इफ़्फ़न के घर
(2) दादी के पास
(3) बैठने की कोशिश
(4) उसकी दादी

(क) केवल (1) और (2)
(ख) केवल (1) और (3)
(ग) केवल (2) और (3)
(घ) केवल (3) और (4)

(iii) विशेषण पदबंध का उदाहरण छाँटकर लिखिए-

(क) ऐसे समय हमारा सबसे बड़ा नेता 'ओमा' हुआ करता था।
(ख) ऐसे समय हमारा सबसे बड़ा नेता 'ओमा' हुआ करता था।
(ग) ऐसे समय हमारा सबसे बड़ा नेता 'ओमा' हुआ करता था।
(घ) ऐसे समय हमारा सबसे बड़ा नेता 'ओमा' हुआ करता था।

(iv) 'हम सभी स्कूल के कमरे में बैठकर पढ़ने को कैद समझते थे।' – रेखांकित पदबंध का भेद है-

(क) सर्वनाम पदबंध
(ख) विशेषण पदबंध
(ग) क्रिया पदबंध
(घ) क्रियाविशेषण पदबंध

(v) 'तीन बजे से ही मैदान में हज़ारों आदमियों की भीड़ होने लगी।' रेखांकित पदबंध का भेद बताइए-

(क) क्रिया पदबंध
(ख) क्रियाविशेषण पदबंध
(ग) विशेषण पदबंध
(घ) संज्ञा पदबंध

4. निर्देशानुसार 'रचना के आधार पर वाक्य भेद' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से **किन्हीं चार** प्रश्नों के उत्तर लिखिए- **1x4=4**

(i) 'नूह ने जब उसकी बात सुनी तो दुखी हो मुद्दत तक रोते रहे।' रचना के आधार पर इस वाक्य का भेद होगा-

(क) सरल वाक्य (ख) मिश्र वाक्य

(ग) साधारण वाक्य (घ) संयुक्त वाक्य

(ii) निम्नलिखित में से उपयुक्त मिश्र वाक्य छाँटिए-

(क) पुलिस ने बड़े-बड़े पार्कों तथा मैदानों को घेर लिया।

(ख) पकड़े गए आदमियों की संख्या का पता नहीं चल पाया।

(ग) करीब पौन घंटे के बाद ही पुलिस की लॉरी आई।

(घ) मालूम हुआ कि सुभाष बाबू गिरफ्तार हो गए हैं।

(iii) 'तीसरी कसम' की पटकथा मूल कहानी के लेखक फणीश्वरनाथ रेणु ने स्वयं तैयार की। रचना के आधार पर वाक्य भेद है-

(क) सरल वाक्य (ख) संयुक्त वाक्य

(ग) मिश्र वाक्य (घ) विधानवाचक वाक्य

(iv) निम्नलिखित वाक्यों में से संयुक्त वाक्य है-

(1) उनकी बातें सुनकर मेरे जिगर के टुकड़े-टुकड़े हो जाते और हिम्मत टूट जाती।

(2) कनकौआ मंद गति से झूमता हुआ नीचे की ओर चला आ रहा था।

(3) मौत और विपत्ति के बीच भी आदमी मोह-माया में जकड़ा रहता है।

(4) मैं उनकी फटकार सुनता और थोड़ी देर बाद ही सबकुछ भूल जाता।

(क) केवल (1) और (3) (ख) केवल (1) और (4)

(ग) केवल (3) और (4) (घ) केवल (2) और (3)

(v) **कॉलम - A** को **कॉलम - B** के साथ सुमेलित कीजिए और सही विकल्प चुनकर लिखिए-

| **कॉलम-A** | | **कॉलम -B** | |
|---|---|---|---|
| (A) | कलाकार होने के साथ-साथ वे अत्यंत भावुक आदर्शवादी साहित्यकार भी थे। | (i) | मिश्र वाक्य |
| (B) | 'जागते रहो' में राजकपूर को सराहना मिली परंतु 'तीसरी कसम' जितनी नहीं। | (ii) | सरल वाक्य |
| (C) | जो बात उनकी जिंदगी में थी वही उनके गीतों में भी थी। | (iii) | संयुक्त वाक्य |

(क) (A)-(i), (B)-(iii), (C)-(ii)

(ख) (A)-(iii), (B)-(ii), (C)-(i)

(ग) (A)-(ii), (B)-(i), (C)-(iii)

(घ) (A)-(ii), (B)-(iii), (C)-(i)

5. निर्देशानुसार 'समास' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से **किन्हीं चार** प्रश्नों के उत्तर लिखिए- **1x4=4**

(i) 'भाई-बहन' समस्त पद कौन-से समास का उदाहरण है ?

(क) कर्मधारय समास (ख) द्विगु समास

(ग) तत्पुरुष समास (घ) द्वंद्व समास

(ii) निम्नलिखित में से तत्पुरुष समास का उदाहरण नहीं है-

(क) जन्मसिद्ध (ख) कला-निपुण

(ग) दाँव-घात (घ) आत्मविश्वास

(iii) निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए-

| **समस्त पद** | | **समास** | |
|---|---|---|---|
| (A) | पुराणपुरुष | (i) | तत्पुरुष समास |
| (B) | क्षुधार्त | (ii) | अव्ययीभाव समास |
| (C) | यथासंभव | (iii) | द्विगु समास |
| (D) | नवग्रह | (iv) | बहुव्रीहि समास |

(क) (A)-(iii), (B)-(ii), (C)-(i), (D)-(iv)

(ख) (A)-(iv), (B)-(i), (C)-(ii), (D)-(iii)

(ग) (A)-(iv), (B)-(iii), (C)-(ii), (D)-(i)

(घ) (A)-(i), (B)-(ii), (C)-(iii), (D)-(iv)

(iv) 'पशु-प्रवृत्ति' समस्त पद के लिए सही समास विग्रह और समास का चयन कीजिए-

(क) पशु और प्रवृत्ति - द्वंद्व समास

(ख) पशु के अनुसार प्रवृत्ति - अव्ययीभाव समास

(ग) पशु की प्रवृत्ति - द्विगु समास

(घ) पशु जैसी प्रवृत्ति - कर्मधारय समास

(v) 'आकाश में गमन करने वाला' समास विग्रह के लिए उपयुक्त समस्त पद और समास का भेद है-

(क) आकाशगमन - कर्मधारय समास

(ख) आकाशगामी - कर्मधारय समास

(ग) आकाशगत - तत्पुरुष समास

(घ) आकाशगामी - तत्पुरुष समास

6. निर्देशानुसार 'मुहावरे' पर आधारित छह बहुविकल्पीय प्रश्नों में से **किन्हीं चार** प्रश्नों के उत्तर लिखिए- **1x4=4**

(i) 'जबसे उसकी नौकरी गई है, कर्जदारों के कारण उसके __________ रहती है ।'

रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए -

(क) सिर पर नंगी तलवार लटकना (ख) आटे-दाल का भाव मालूम होना

(ग) मोह-माया के बंधन में पड़ना (घ) अंधे के हाथ बटेर लगना

(ii) 'परीक्षा का परिणाम देखकर उसके __________ गए।'

रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए उचित विकल्प चुनकर लिखिए -

(क) होश जाना (ख) होश आना

(ग) होश मिलना (घ) होश उड़ना

(iii) 'आँखों में धूल झोंकना' मुहावरे का अर्थ है-

(क) इज्ज़त रखना (ख) घबरा जाना

(ग) धोखा देना (घ) धोखा खाना

(iv) 'उदास होना' अर्थ के लिए उपयुक्त मुहावरा है-

(क) पीला पड़ना (ख) लाल होना

(ग) चक्कर खाना (घ) चेहरा मुरझाना

(v) 'लोहे के चने चबाना' मुहावरे का अर्थ है-

(क) कठिनाई का सामना करना (ख) गरीबी का सामना करना

(ग) महँगाई का सामना करना (घ) भय का सामना करना

(vi) मुहावरे और अर्थ के उचित मेल वाले विकल्प का चयन कीजिए-

(क) सुध-बुध खोना – अपने वश में न रहना

(ख) आग बबूला होना – अत्यधिक परेशानी में होना

(ग) गाँठ बांध लेना – कुछ समझ न आना

(घ) राह न सूझना – दिखाई पड़ना बंद होना

7. निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए- 1x5=5

चलो अभीष्ट मार्ग में सहर्ष खेलते हुए,
विपत्ति, विघ्न जो पड़ें उन्हें ढकेलते हुए।
घटे न हेलमेल हाँ, बढ़े न भिन्नता कभी,
अतर्क एक पंथ के सतर्क पंथ हों सभी।
तभी समर्थ भाव है कि तारता हुआ तरे,
वही मनुष्य है कि जो मनुष्य के लिए मरे।

(i) 'समर्थ भाव' किसे कहा गया है ?

(क) स्वयं का विकास करने को

(ख) दूसरों का विकास करने को

(ग) दूसरों के सहारे अपने विकास को

(घ) अपने साथ दूसरों के विकास को

(ii) 'अभीष्ट मार्ग' से आप क्या समझते हैं ?

(क) समाज द्वारा निर्धारित लक्ष्य

(ख) अपने लिए निर्धारित लक्ष्य

(ग) अन्य द्वारा निर्धारित लक्ष्य

(घ) अन्य के लिए निर्धारित लक्ष्य

(iii) 'घटे न हेलमेल हाँ, बढ़े न भिन्नता कभी' से आशय है–

(क) मित्रों के बीच मतभेद नहीं होना चाहिए।

(ख) रिश्तों के बीच मतभेद नहीं होना चाहिए।

(ग) जीवन में सबको साथ लेकर चलना चाहिए।

(घ) जीवन में अपनों को साथ लेकर चलना चाहिए।

(iv) कवि के अनुसार व्यक्ति का दृष्टिकोण होना चाहिए –

(क) आशा और आनंद से परिपूर्ण और निराशा रहित

(ख) स्वयं के प्रति अवहेलनापूर्ण और दूसरों के प्रति सहयोगपूर्ण

(ग) स्वयं के प्रति सकारात्मक और दूसरों के प्रति नकारात्मक

(घ) आनंद रहित परंतु आशा और आकांक्षाओं से परिपूर्ण

(v) निम्नलिखित **कथन (A)** तथा **कारण (R)** को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए–

**कथन (A) :** मनुष्य की वास्तविक पहचान उसके स्वयं का बहुमुखी विकास है।

**कारण (R) :** व्यक्ति के व्यक्तिगत उत्थान से ही राष्ट्र का निर्माण होता है।

(क) **कथन (A)** तथा **कारण (R)** दोनों गलत हैं।

(ख) **कथन (A)** सही और **कारण (R)** गलत है।

(ग) **कथन (A)** गलत और **कारण (R)** सही है।

(घ) **कथन (A)** तथा **कारण (R)** दोनों सही है।

8. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए– 1x2=2

(i) 'राम' और 'कस्तूरी' में क्या समानता है ? (साखी)

(क) दोनों को पाने के लिए भटकना पड़ता है।

(ख) दोनों को ही अज्ञानतावश बाहर खोजा जाता है ।

(ग) दोनों को पाकर भी मन अशांत रहता है।

(घ) दोनों को ही प्राप्त करना लगभग असंभव है।

(ii) मीराबाई के आराध्य की विशेषता नहीं है- (पद)

(क) सबके मन को मोहने वाले

(ख) वृंदावन में गाय चराने वाले

(ग) गिरि को धारण करने वाले

(घ) भक्तों को दास बनाने वाले

9. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए : **1x5=5**

राजकपूर ने एक अच्छे और सच्चे मित्र की हैसियत से शैलेंद्र को फिल्म की असफलता के खतरों से आगाह भी किया। पर वह तो एक आदर्शवादी भावुक कवि था, जिसे अपार संपत्ति और यश तक की इतनी कामना नहीं थी जितनी आत्म-संतुष्टि के सुख की अभिलाषा थी। 'तीसरी कसम' कितनी भी महान फिल्म क्यों न रही हो लेकिन यह एक दुखद सत्य है कि इसे प्रदर्शित करने के लिए बमुश्किल वितरक मिले। बावजूद इसके कि 'तीसरी कसम' में राजकपूर और वहीदा रहमान जैसे नामज़द सितारे थे, शंकर-जयकिशन का संगीत था, जिनकी लोकप्रियता उन दिनों सातवें आसमान पर थी और इसके गीत भी फिल्म के प्रदर्शन से पूर्व ही बेहद लोकप्रिय हो चुके थे। लेकिन इस फिल्म को खरीदने वाला कोई नहीं था।

(i) फिल्म 'तीसरी कसम' दर्शकों तक उस रूप में नहीं पहुँच पायी जिस रूप में पहुँचना चाहिए था-

(क) दर्शकों ने ही फिल्म को पसंद नहीं किया।

(ख) प्रचार से जुड़े लोग शैलेंद्र से अनजान थे।

(ग) फिल्म प्रदर्शन के लिए नहीं बनाई गई थी।

(घ) प्रचार-प्रसार के साथ फिल्म की संवेदना की समझ का अभाव

(ii) स्वयं शैलेंद्र अपनी फिल्म से क्या चाहते थे ?

(क) एक फिल्मकार के रूप में पहचान

(ख) अपने यश में गुणात्मक वृद्धि

(ग) फिल्म जगत में नवीन परिवर्तन

(घ) एक अच्छी कलात्मक फिल्म का निर्माण

(iii) निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए और उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए-

'तीसरी कसम' को पर्याप्त वितरक नहीं मिल पाए क्योंकि-

(1) वितरकों को फिल्म की गहरी संवेदना समझ नहीं आई।

(2) उन्हें ऐसे किसी फिल्म निर्माण की जानकारी नहीं थीं।

(3) वे किसी और फिल्म के प्रचार-प्रसार में व्यस्त थे।

(4) उन्हें लगा कि इस फिल्म से उन्हें नुकसान हो जाएगा।

(क) सिर्फ (1) और (2) सही

(ख) सिर्फ (1) और (3) सही

(ग) सिर्फ (1) और (4) सही

(घ) सिर्फ (2) और (4) सही

(iv) राजकपूर को ऐसा क्यों लगा कि फिल्म असफल हो सकती है ?

(क) फिल्म की कथा सशक्त नहीं थी।

(ख) फिल्म का संगीत काफी कमजोर था।

(ग) फिल्म में व्यावसायिक दृष्टिकोण का अभाव था।

(घ) फिल्म के कलाकार लोगों के लिए नए थे।

(v) निम्नलिखित **कथन** (A) तथा **कारण** (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए।

**कथन** (A) : किसी भी फिल्म को सफल बनाने में उसके वितरकों की भूमिका सबसे अहम होती है।

**कारण** (R) : फिल्म चाहे कैसी भी क्यों न हो, वितरक उसे सफल या असफल बना सकते हैं।

(क) **कथन** (A) तथा **कारण** (R) दोनों सही हैं और कारण (R) **कथन** (A) की सही व्याख्या करता है।

(ख) **कथन** (A) गलत है और **कारण** (R) सही है।

(ग) **कथन** (A) और **कारण** (R) दोनों गलत हैं।

(घ) **कथन** (A) सही है और **कारण** (R) उसकी गलत व्याख्या करता है।

**10.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए – **1x2=2**

(i) छोटा भाई बड़े भाई साहब से नज़र बचाकर कनकौए क्यों उड़ाता था ?

(क) भाई साहब को कनकौए उड़ाने से बहुत चिढ़ थी।

(ख) भाई साहब ने कनकौए उड़ाने से मना किया था।

(ग) भाई साहब स्वयं भी कनकौए उड़ाने के शौकीन थे।

(घ) भाई साहब के प्रति लिहाज़ के कारण ऐसा करता था।

(ii) 'कभी मेरी लाइब्रेरी में घुसकर कबीर या मिर्ज़ा गालिब को सताने लगते हैं।' कबीर और मिर्ज़ा गालिब को सताने से लेखक का आशय है –

(क) कबूतरों का कबीर या मिर्ज़ा के ऊपर बैठ जाना

(ख) कबूतरों द्वारा कबीर-मिर्ज़ा रचित पुस्तकों को गंदा करना

(ग) लोगों द्वारा कबीर या मिर्ज़ा की रचनाओं का उपहास उड़ाना

(घ) लोगों द्वारा कबीर या मिर्ज़ा से बेतुके प्रश्न करना

## खंड-ब

### ( वर्णनात्मक प्रश्न )

**11.** निम्नलिखित में से **किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए : 3x2=6

(i) 'उड़ गया अचानक लो भूधर' -पंक्ति का भाव स्पष्ट कीजिए।

(ii) धरोहरों की देखभाल और सुरक्षा आवश्यक है- 'तोप' कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

(iii) 'आत्मत्राण' कविता में कवि किसी की भी सहायता क्यों प्राप्त नहीं करना चाहता है?

**12.** निम्नलिखित प्रश्नों में से **किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए : 3x2=6

(i) तताँरा के लोकप्रिय होने के कारणों की समीक्षा करते हुए बताइए कि आप उनमें से किन गुणों को अपनाना चाहेंगे और क्यों?

(ii) वज़ीर अली ने कंपनी के वकील की हत्या की थी और जंगल में छिपकर रह रहा था, फिर भी पाठ में कर्नल उसे एक जाँबाज़ सिपाही कहता है। क्या आप भी कर्नल से सहमत हैं? औचित्यपूर्ण उत्तर लिखिए।

(iii) 26 जनवरी 1931 के दिन कलकत्ता में महिलाओं ने बड़ी संख्या में पहली बार बढ़-चढ़कर आयोजनों में भाग लिया और गिरफ्तारियाँ भी दीं। उनका ऐसा व्यवहार उनकी किस सोच को दर्शाता है?

**13.** निम्नलिखित प्रश्नों में से **किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए : 3x2=6

(i) टोपी के साथ उसके परिवार वाले भेदभाव और उपेक्षापूर्ण व्यवहार करते थे। यदि उसके साथ ऐसा न होता तो उसका व्यक्तित्व कैसा होता ?

(ii) 'किताबों- कापियों की गंध से नहीं, बाहर के बड़े गेट से दस-पंद्रह गज दूर स्कूल के कमरों तक के रास्ते के दोनों ओर जो अलियार के झाड़ उगे थे, उनकी गंध भी मन को उदास कर दिया करती थी।' 'सपनों के से दिन' पाठ के आधार पर लेखक की इस मनोदशा का कारण बताइए। क्या वर्तमान में भी विद्यार्थी लेखक जैसी मनोदशा से गुजरते हैं?

(iii) 'रहस्यात्मक और भयावनी खबरों से गाँव का आकाश आच्छादित हो गया है। दिन-प्रतिदिन आतंक का माहौल गहराता जा रहा है।' 'हरिहर काका' पाठ से उद्धृत इस कथन की संदर्भ सहित विवेचना कीजिए।

14. निम्नलिखित में से **किसी एक** विषय पर संकेत-बिंदुओं के आधार पर लगभग 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए : **5x1=5**

(i) क्रिकेट विश्व कप - 2023

**संकेत बिंदु :**
- क्रिकेट क्या है
- विश्वकप का औचित्य
- परिणाम तथा प्रभाव

(ii) बाढ़ : एक प्राकृतिक विभीषिका

**संकेत बिंदु :**
- प्राकृतिक आपदा कैसे ?
- प्रभाव
- समाधान

(iii) बड़े मॉल : रोज़गार के नवीन अवसर

**संकेत बिंदु :**
- बड़े मॉल से अभिप्राय
- बाज़ार पर प्रभाव तथा आवश्यकता
- सुझाव

15. आप जनकपुर निवासी आर्या/अरविंद हैं। दैनिक जागरण के संपादक को पत्र लिखकर महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराध को कम करने हेतु कुछ सुझाव दीजिए। **5x1=5**

**अथवा**

आप मानव संस्कृति विद्यालय के छात्र संघ के अध्यक्ष सुमित रॉय/संघमित्रा रॉय हैं। आप अपने विद्यालय में साइबर सुरक्षा के लिए जागरूकता हेतु एक कार्यशाला आयोजित करना चाहते हैं। इसके लिए लगभग 100 शब्दों में विद्यालय के प्रधानाचार्य को पत्र लिखिए जिसमें 'कार्यशाला' आयोजन की अनुमति माँगी गई हो।

16. निम्नलिखित में से **किसी एक** विषय पर लगभग 60 शब्दों में सूचना लिखिए : **4x1=4**

(i) आप नंदन श्रीवास्तव/नंदिनी श्रीवास्तव है। आपके विद्यालय द्वारा नेत्र-दंत जाँच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। विद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी होने के नाते सभी विद्यार्थियों को कार्यक्रम के विवरण सहित इसकी सूचना प्रदान कीजिए।

**अथवा**

(ii) आप सगुण निवासी कल्याण संघ के/की अध्यक्ष/ अध्यक्षा तरुण अरोरा/ तरुणा अरोरा हैं। सोसायटी में आयोजित होने वाले 'होली मिलन समारोह' की जानकारी देते हुए एक सूचना तैयार कीजिए।

17. निम्नलिखित में से **किसी एक** विषय पर लगभग 40 शब्दों में विज्ञापन तैयार कीजिए : 3x1=3

(i) 'कचरे के प्रबंधन' के संबंध में जागरूकता अभियान हेतु स्थानीय नगर पालिका के लिए लगभग 40 शब्दों में एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए।

**अथवा**

(ii) बिजली से चलने वाली कार 'हरित' के प्रचार-प्रसार हेतु लगभग 40 शब्दों में एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए।

18. (i) 'परिश्रम का फल' विषय पर लगभग 100 शब्दों में लघुकथा लिखिए। 5x1=5

**अथवा**

(ii) आप आदर्श रैना/अदिति रैना हैं। आपने दो महीने पूर्व बैंक में अपना खाता खोला है परंतु अभी तक आपको डेबिट कार्ड प्राप्त नहीं हुआ है। इस बात की जानकारी देते हुए बैंक अधिकारी को लगभग 100 शब्दों में ई-मेल लिखिए।

-oOo-